चुनाव शांतिपूर्ण कराने को प्रशासन ने कसी कमर

अल्मोड़ा जिले को 21 जोन, 84 सेक्टरों में बांटा, टीमें गठित

अल्मोड़ा। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराना हमारी प्राथमिकता है। निर्वाचन क्षेत्रों को 21 जोन, 84 सेक्टरों में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि इस बार वीवी पैट के माध्यम से मतदान कराने को प्राथमिकता दी गयी है। इसके अलावा वीडियो निगरानी टीम, वीडियो सर्विलांस टीम, आय-व्ययक निगरानी टीम गठित की गई है।

बुधवार को कलक्ट्रेट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भदौरिया ने कहा कि मतदान में लगे कार्मिकों की सुविधा को देखते हुए इस बार रानीखेत में होने वाले मतदान प्रशिक्षण एवं कार्मिकों का प्रस्थान का स्थान विपिन त्रिपाठी इंजीनियरिंग कालेज द्वाराहाट से होगा। निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसरों में अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए सीमा विश्वकर्मा, जागेश्वर के लिए मोनिका गर्ब्याल, सोमेश्वर के लिए राहुल शाह, रानीखेत के लिए नरेन्द्र सिंह भण्डारी, द्वाराहाट के लिए राजकुमार पाण्डे एवं सल्ट के लिए अभय प्रताप सिंह की तैनाती की गयी है। उन्होंने कहा कि 50 हजार से अधिक का कैश यदि कोई अपने पास ला रहा है तो उसे उसके बारे में पूरी डिटेल रखनी होगी ताकि निगरानी टीम उससे संतुष्ट हो सके। निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी जानकारी के लिए जनपद में हेल्पलाइन नम्बर बनाया गया है जिसका नंबर 1950 है। इसके अलावा कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। सर्विस मतदाताओं हेतु ईटीपीपीएस के माध्यम से मतदान की अलग प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा जनपद में कुल 5 लाख 25 हजार 507 मतदाता हैं। इनमें 2 लाख 67 हजार 929 पुरुष एवं 02 लाख 57 हजार 573 महिला एवं 05 अन्य मतदाता हैं। जनपद में कुल 876 मतदेय स्थल है। जनपद में 21 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 84 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। कुल मतदान कार्मिकों की संख्या 3864 है। इसके अलावा 6 वीडियो अवलोकन टीम, 18 स्थैतिक निगरानी टीम, 6 सहायक व्यय प्रेक्षक, 6 व्यय लेखा टीम, 18 उड़नदस्ते, 6 वीडियो निगरानी टीम एवं 6 मदिरा निगरानी टीमें बनाई गई हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनुज गोयल, उप निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी बीएल फिरमाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोहर लाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी शंकर राम, आपदा प्रबन्धन अधिकारी राकेश जोशी, अपर जिला सूचनाधिकारी अजनेश राणा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी योगेश पुरोहित, जिला पूर्ति अधिकारी पीएल वर्मा आदि मौजूद थे।

पत्रकारों से वार्ता करते डीएम अल्मोड़ा नितिन भदौरिया

शॉल फैक्ट्री में लगी आग

तीन अन्य दुकानें भी आई चपेट में, अग्निकांड में लाखों का नुकसान

बागेश्वर व गरुड़ से पहुंचे दमकल वाहन

बागेश्वर। प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कौसानी में स्थित हैंडलूम और शॉल फैक्ट्री सहित चार दुकानों में आग लगने से लाखों का सामान जल कर राख हो गया। व्यापार संघ, होटल एसोसिएशन समेत कौसानी के ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित व्यापारियों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है। दुकानों में आग मंगलवार देर रात्रि को लगी। कौसानी में व्यापारी दीपक बिष्ट और पुष्कर बिष्ट की हैंडलूम और शॉल की फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने दोनों भाइयों की शॉल की दो दुकानों व उससे सटी लोकल उत्पादों (ऑर्गेनिक) की दुकान और बगल में स्थित उनके पिता पूरन बिष्ट के रेस्टोरेंट को भी अपने आगोश में ले लिया। बागेश्वर व गरुड़ से मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों के आने तक चार दुकानें खाक हो गई थी। इससे व्यापारियों को दुकान समेत नब्बे लाख का नुकसान हो गया। व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष व होटल एसोसिएशन कौसानी के अध्यक्ष बबलू नेगी, जिपंस शिव सिंह बिष्ट, पुष्पा कोरंगा, कौसानी के ग्राम प्रधान रवि नेगी, अखिल जोशी ने प्रशासन से क्षति का आंकलन कर प्रभावित व्यापारियों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

दुकानों से उठती आग की लपटें

संक्षिप्त

लापता किशोरी मिली, आरोपी गिरफ्तार

पुलिस कस्टडी में पकड़ा गया आरोपी

गरुड़। पुलिस ने लापता किशोरी को बरामद कर उसे बहलाफुसला कर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। देवरिया हाल निवासी गरुड़ ने अपनी पुत्री के घर से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना बैजनाथ पुलिस ने बुधवार को गरुड़ कौसानी रोड पर आरोपी सलीम पुत्र कमर रहमान निवासी धुरसमसपुर भोजीपुरा जिला बरेली को किशोरी के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज किए। पुलिस टीम में उपनिरिक्षक निधि शर्मा, बसन्त लाल, कांस्टेबल, नवीन सिंह, कैलाश चन्द्र, सरस्वती मौजूद रहे।

15 दिन बाद भी नहीं लगा कांडे किरोली में एटीएम

बेरीनाग। एसबीआई कांडे किरोली में पिछले 15 दिनों से एटीएम सुविधा नहीं है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विक्रम महरा ने बताया कि बैंक प्रबंधन ने गुपचुप तरीके से यहां की एटीएम मशीन अन्यत्र शिफ्ट कर दी। जिसका पूर्व में ग्रामीणों ने आन्दोलन कर विरोध भी किया था। उसके बाद तहसील प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर नया एटीएम लगाने की बात कही थी। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व प्रधान जगदीश राम ने बताया कि यहां बैंक प्रबंधक का व्यवहार ठीक नहीं है, उनके तबादले की मांग की गई थी। उन्होंने तीन दिन के भीतर एटीएम मशीन नहीं लगाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

कलमट निर्माण में लगाई जा रही मिट्टी

बेरीनाग। उडियारी बैंड बागेश्वर मोटर मार्ग में एनएच द्वारा नये कमलटों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें स्थानीय स्तर से मिट्टी खोदकर लगाई जा रही है। जिसका ग्रामीणों ने विरोध करने पर भी ठेकदार द्वारा ग्रामीणों धमकाया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता आनन्द महरा ने बताया कि मिट्टी का प्रयोग नहीं करने की शिकायत एनएच के अधिकारियों को की गयी, लेकिन उसके बाद भी धड़ल्ले से मिट्टी लगाई जा रही है। उन्होंने निर्माण कार्य की जांच की मांग की।

राष्ट्रपति, राज्यपाल के चित्र लगे रहेंगे

चम्पावत। आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद भी बहुत से शासकीय कार्यालयों, सभागारों एवं सोशल शासकीय साईटों पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्रियों के फोटो लगे को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अपर आयुक्त कुमाऊँ मण्डल संजय कुमार खेतवाल ने पत्र प्रेषित कर कहा है कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान केवल राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी, भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर, राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, तथा राज्यपाल बेबी रानी मौर्य के चित्र यथावत उक्त वर्णित स्थानों पर लगे रहेंगे।

डिप्टेश्वर होली महोत्सव के लिए समितियां गठित

चंपावत। नगर के प्रसिद्ध डिप्टेश्वर मंदिर में 22 मार्च को आयोजित होने वाले डिप्टेश्वर होली महोत्सव के आयोजन के लिए उप समितियों का गठन किया गया है। एडवोकेट शंकरदत्त पांडेय, स्वागत समिति भुवन पांडेय, विक्रम खाती, बजीर खाती उद्घोष समिति, हरीश राय, हरीश पांडेय, मोहन खाती, प्रकाश पांडेय, आमंत्रित समिति देव सिंह खाती, मोहन पांडेय, दिनेश खाती जल पान समिति तथा शंकर खाती को व्यवस्था एवं पंडाल समिति का मुखिया बनाया गया है।

स्कूटी सवार ने की महिला कांस्टेबल से अभद्रता

पाटी। गूम निवासी मनोज भट्ट पुत्र राजेन्द्र भट्ट को स्कूटी रपटने से मामूली चोटें आयी। उसने हेलमेट भी नहीं पहना था। उसे ग्राम मौनकण्डा निवासी चतुर सिंह ने उठाने की कोशिश की तो मनोज हाथापाई पर उतर आया। इसके बाद दोनों थाने जा पहुंचे जहां मनोज ने महिला कॉस्टेबल से भी अभद्रता की अन्य पुलिस कर्मियों के मना करने पर उनसे से भी हाथापाई की। थानाध्यक्ष दीवान सिंह जलाल ने बताया कि स्कूटी सवार को चतुर सिंह व महिला कॉस्टेबल की तहरीर पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में लोहाघाट जेल भेज दिया है। उधर घरवालों का कहना है कि मनोज की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

बिजली आने से ग्रामीण खुश

चम्पावत। जनपद के दूरस्थ क्षेत्र अल्मोड़ा जनपद की सीमा में लगे ग्राम पंचायत चौड़गूठ के तोक अल्यूरा, तोली वक ठेडी गांवा में आजादी के 72 वर्षों के बाद विद्युत सुविधा उपलब्ध होने से वहां के ग्रामीणों ने देश के प्रधानमंत्री सनरेन्द्र मोदी व राज्य के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत का आभार व्यक्त किया है। उक्त गांवों के शिवनाथ, प्रताप नाथ, चन नाथ, गिरधारी नाथ व अन्य लोगों ने बताया आजादी के बाद कई सरकार आई और गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबका साथ सबका विकास की सोच के परिणाम स्वरुप ही उक्त दूरस्थ गांव बिजली से रोशन हुए हैं। उन्होंने बताया बिजली न होने से मोबाइल चार्ज करने के लिए भी अन्यंत्र जाना होता था। हालांकि ग्राम पंचायत के अन्य तोकों में कुछ सालों पहले बिजली पहुंच गयी थी। उक्त तीन तोकों के 50 परिवारों का विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं थी। अब उक्त तोकों में बिजली व्यवस्था होने से वहां की जनता ने प्रधानमंत्री की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

45 पेटी अवैध शराब बरामद

चम्पावत। चम्पावत कोतवाली एवं थाना लोहाघाट की पुलिस ने 45 पेटी शराब बरामद कर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। अवैध शराब की रोकथाम के लिए सक्रिय हुई पुलिस ने जनपद मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग के तिलौन नामक स्थान में वाहनों की चैकिंग के दौरान वाहन संख्या 3सीए-0765 में 30 पेटी रंगीली देशी शराब बरामद कर जीवन पगरिया पुत्र गंगा दत्त पगरिया निवासी हनुमान मन्दिर के पास लोहाघाट को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अभियोग दर्ज किया है तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज किया गया है। शराब बरामदकरने वाली टीम में उपनिरीक्षक सोनू सिंह, सिपाही कुण्डल व सुभाष सम्मिलित थे। लोहाघाट से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने देवराड़ी बैण्ड लोहाघाट के समीप पूरन सिंह ढेक पुत्र दीवान सिंह ढेक निवासी पिथौरागढ़ रोड लोहाघाट को 15 पेटी देशी मशालेदार शराब के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना लोहाघाट में धारा 60 आबकारी अधिनियम में मुकदमा कदर्ज किया है। अभियुक्त को पकडने वाली टीम में उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह मेहता, सिपाही देशराज सिंह व नवल किशोर सम्मिलित थे।

चम्पावत जनपद में 289 मतदान केन्द्र निर्धारित

चम्पावत। लोकसभा सामान्य निवार्चन में मतदाताओं की सुविधा हेतु जनपद में 321 मतदेय स्थल एवं 289 मतदान केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि जनपद के दो विधानसभा क्षेत्र 54.लोहाघाट में 178 तथा 55.चम्पावत में 143 मतदेय स्थल तथा लोहाघाट में 174 और चम्पावत में 115 मतदान केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में एक बूथ वाले 262, दो बूथ वाले 23, तीन बूथ वाले 3 तथा चार बूथ वाला एक मतदान स्थल निर्धारित किया गया है। चौहान ने बताया कि 31 जनवरी 2019 को विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट में 53020 पुरुष एवं 47971 महिला सामान्य मतदाता तथा 1547 पुरुष तथा 27 महिला सर्विस मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में 47066 पुरुष तथा 43121 महिला सामान्य मतदाता एवं 1262 पुरुष तथा 25 महिला सर्विस मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में 100086 पुरुष तथा 91092 महिला सामान्य मतदाता एवं 2809 पुरुष तथा 52 महिला सर्विस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में 1,91,179 मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र निर्गत हो चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी मतदेय स्थलों में सुपरवाईजर एवं बीएलओ को नामित कर मतदाता सूची को दुरुस्त कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि बैंकों से धनराशि आहरित करने पर कागजात साथ में रखें और आवश्यक न होने पर अधिक धनराशि लेकर सफर न करें।

जनसभा, रैलियों की लेनी होगी पूर्वानुमति

आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

चम्पावत। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने अपने कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की प्रक्रिया की समाप्ति तक आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जायेगा तथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उन्होंने बताया कि रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा तथा शेष अवधि में भी तीव्र ध्वनि से लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाएगा। मर्तोलिया ने बताया कि राजनैतिक दलों को जनसभाओं, जुलूस एवं रैलियों के आयोजन की अनुमति पूर्व में लेनी होगी, बाहर एवं जनपद में प्रिंट की जाने वाली प्रचार सामग्री के अनुमोदन आदि की अनुमति पहले आओ-पहले पाओ आधार पर की जायेगी। उन्होंने सरकारी सम्पत्तियों पर प्रचार सामग्री चस्पा न करने तथा निजी सम्पत्तियों पर प्रचार सामग्री लगाते समय सम्पत्ति स्वामी से अनिवार्य रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले स्टार प्रचारकों, वाहनों एवं चापरों की गहनता से तलाशी ली जाएगी तथा तलाशी अभियान की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों के खर्चों पर विभिन्न टीमों के माध्यम से पैनी नजर रखी जायेगी जिसके लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें प्रत्याशियों के चुनाव के प्रत्येक खर्चे की वीडियोग्राफी करने के साथ व्यय का ब्यौरा भी निर्वाचन कार्यालय को देंगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में एक प्रत्याशी अधिकतम 70 लाख रुपये व्यय कर सकता है। चुनाव व्यय के लिए अलग से बैंक खाता खोलना होगा और अपनी तथा अपने परिवार की सम्पत्ति की जानकारी देनी होगी। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी हेमेन्द्र प्रकाश गंगवार, अधिशासी अभियंता डीडी भट्ट, जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल, एआरटीओ रश्मि भट्ट, जीएम डीआईसी मीरा बोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदत्त जोशी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तम देऊ, ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश बोरा आदि उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधियों की बैठक लेते एसडीएम मर्तोलिया

एनएचपीसी गेट से पिलर नंबर सात तक बड़े वाहनों पर रोक

बनबसा। एनएचपीसी गेट से भारत-नेपाल सीमा पीलर नंबर सात तक सड़क निर्माण कार्य होने से इस मार्ग से एक सप्ताह के लिए बड़े वाहनों की आवाजही पर रोक लगा दी गई है। सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश बनबसा के एसडीओ बृजेश मोर्या ने बताया कि एनएचपीसी गेट से भारत नेपाल सीमा पीलर नंबर सात तक जर्जर हो चुकी सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते इस मार्ग से 20 मार्च रात्रि तक बड़े वाहनों की आवाजाही को राक दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान बड़े और भारी वाहन गड़ीगोठ पुल के रास्ते नहर के किनारे से बैराज तक संचालित होंगे। उन्होंने बताया कि छोटे वाहनों का संचालन पूर्व की भांति सुचारू रहेगा।

चुनाव की जिम्मेदारियां सतर्कता से पूरी करें अधिकारी

जिलाधिकारी ने ली चुनाव अधिकारियों की बैठक

बागेश्वर। जिलाधिकारी रंजना राजगुरु ने लोकसभा चुनाव कार्यक्रम के तहत कलक्ट्रेट सभागार में नामित किए गए सभी नोडल अधिकारी, एआरओ की बैठक ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों से कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में उत्तराखंड संसदीय सीटों के लिए 11 अप्रैल को मतदान और 22 मई को मतगणना होनी है। अधिकारियों को जिम्मेदारी और दायित्व दिए गए हैं, जिन्हें समय से पूरा करना है। जिले में राजनीतिक दलों की जो भी प्रचार सामग्री लगी हुई और उसे समय से हटाना सुनिश्चित करें।

एआरओ, जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। अधिकारी, कर्मचारी का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। वोट के लिए भ्रष्ट आचरण, मतदाता को प्रलोभन आदि भी आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने फ्लाइग स्क्वाड टीम व विडियो सर्विलांस टीमों के अधिकारियों से कहा कि वे सघन चेकिग अभियान चलाएंगे। अवैध शराब पर कड़ी नजर रखें और निरंतर छापेमारी करें, पकड़े जाने पर सीजर की कार्रवाई अमल में लाई जाए।

आयुष्मान कार्ड से नहीं हुआ इलाज

पाटी। चम्पावत के बाराकोट निवासी रेखा अधिकारी को दिल की बीमारी के चलते जिला अस्पताल चम्पावत से मेट्रो हॉस्पिटल हरिद्वार के लिये रिफर किया गया। रेखा आयुष्मान कार्ड के सहारे इलाज की आस में मेट्रो हॉस्पिटल हरिद्वार पहुंची। जब उन्होंने आयुष्मान कार्ड दिखाया तो अस्पताल कर्मियों ने नजरअंदाज कर दिया। जब पत्रकारों ने हॉस्पिटल मैनेजमैंट से संपर्क साधा तो अस्पताल में उनके कुछ टेस्ट करवाये गए और दूसरे दिन 12 बजे का समय दिया गया। डॉक्टर ने रिपोर्ट देखकर बताया कि उनके 2 वाल्व खराब हो चुके हैं। हॉस्पिटल में सिर्फ एक ही वाल्व का इलाज संभव है। बाद में उन्हें एम्स ऋषिकेश में इलाज कराने की बात कही गई। कई चक्कर लगाने के बाद थक हार कर महिला वापस लौट आई।

पूर्व विधायक नारायण राम ने की दावेदारी

बेरीनाग। पूर्व विधायक और पूर्व दर्जा मंत्री नारायण राम आर्य अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोक सभा क्षेत्र से दावेदारी की है। उन्होंने कहा कि वह पिछले पांच दशक से कांग्रेस की सेवा कर रहे हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व उनके कार्य को देखते हुए उन्हें यहां पर चुनाव लड़ने का आदेश देगा। पार्टी द्वारा जो भी निर्णय लिया जाएगा उसका पालन किया जायेगा। उन्होंने राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को पूरी तरह से फेल बताया। कहा कि प्रदेश में पलायन और रोजगार के नाम पर कुछ भी नहीं किया जा रहा है। सरकार दो कैबिनेट मंत्री के पद तक नहीं भर पा रही है। पूर्व में कांग्रेस में कार्यकाल में स्वीकृत कार्यों को जबरन रोका जा रहा है। बेरीनाग, चौकोड़ी की भूमि के मालिकाना हक पर सरकार चुप बैठी है। विकास प्राधिकरण पहाड़ों में लागू कर पहाड़ का विकास बाधित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को ठगा है, जनता इसका जवाब लोकसभा चुनावों में देने जा रही है। भाजपा की मोदी सरकार से जना परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 23 मई को कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

प्रबंधन शिक्षा का महत्व एवं भविष्य पर मंथन

पीजी कालेज में हुई गोष्ठी में मंचासीन प्राचार्य एवं मुख्य वक्ता

लोहाघाट। राजकीय पीजी कालेज में वाणिज्य विभाग द्वारा प्रबंधन शिक्षा का महत्व एवं भविष्य विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर बीएस भोसेल ने बतौर मुख्य वक्ता के रुप में अपने विचार रखे। इससे पूर्व उन्होंन दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। प्राचार्य डा.एसके गुरुरानी की अध्यक्षता एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डा.रवि सनवाल के संचालन में प्रो.विवेक कुमार, एनएस बिष्ट, प्रभारी ट्रेनर अमित ने कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इससे पूर्व सांस्कृतिक परिसर के प्रभारी डा.सुमन पांडेय के दिशा निदेशन में मीनाक्षी गोस्वामी, मनीषा जोशी, सुमन जोशी, प्रियंका, मोहित पांडेय द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। गोष्ठी में डा. ऋतु मित्तल, डा.धर्मेन्द्र राठौर, डा.जगदीश जोशी, डा.स्वाती मेलकानी, डा.विमला देवी, डा.सुमन, डा.महेश त्रिपाटी, डा.रुचिर जोशी, डा.अर्चना त्रिपाठी आदि प्रवक्तागण भी मौजूद थे।

साफ पानी के लिए तरस रहे नगरवासी

नलों से आ रहा मटमैला पानी

चंपावत। जिला मुख्यालय के नगरी क्षेत्रों के अधिकांश भागों में नलों में मटमैला पानी का आने का सिलसिला जारी है। यह स्थिति एक सप्ताह से बनी हुई है। जल संस्थान इस मामले में पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है। जिसके चलते अब पेयजल उपभोक्ता काफी गुस्से में है। जिला मुख्यालय के लिए बहुप्रतिक्षित क्वैराला पेयजल योजना की उम्मीद तो फिलहाल इस साल पूरी होने की नही है। नागरिकों द्वारा उम्मीद की जा रही थी कि इस वर्ष गर्मियों में उन्हें क्वैराला लिफ्ट पेयजल योजना से पानी मिलने लगेगा। जल संस्थान द्वारा लोगों को गंदा पानी पिलाकर हर घर में रोगों को दावत दी जा रही है। नतीजतन लोग डायरिया, पीलिया, कालरा जैसे संक्रामक रोगों के पांव पसारने का खतरा अवश्य पैदा होता जा रहा है। जल संस्थान के सूत्रों के अनुसार ललुवापानी एवं रोखेत स्रोतों के ऊपर मिट्टी फेंकने से यह स्थिति पैदा हुई है। लेकिन संस्थान की ओर से मिटटी फेंकने वालों को रोकने का कोई प्रयास ही नहीं किया जा रहा है। जिससे लोग गंदा पानी पीने के लिए मजबूर है। गुस्साए लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो वे जल संस्थान कार्यालय जाकर अधिकारियों का घिराव करने के लिए मजबूर हो जाऐंगे।

समस्याओं के प्रति बच्चों को जागरूक करने का प्रयास

बैरती (अल्मोड़ा)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय खीड़ा में गुड टच बैड टच के व्यवहारिक ज्ञान के साथ बच्चों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। वुमन नेटवर्क की स्टेट चेयर पर्सन मीना शर्मा द्वारा विद्यालय के बच्चों को जागरूक करने के लिए अनेक उदाहरण प्रस्तुत किये गये। बच्चों को बताया गया कि वे अपनी समस्याओं को सर्व प्रथम अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को बेझिझक बताएं। बालिकाओं को विशेष तरजीह देते हुए कहा गया कि वे अपने को कहीं से भी कमतर न समझें। अपनी नापंसद के बारे में खुलकर विरोध करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सभी को लड़ना होगा। एक शिक्षक की इसमें सकारात्मक भूमिका पर उन्होंने बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आशा वर्मा एवं सहायक अध्यापिका कांति अटवाल ने भी बच्चों से विचार साझा किये।

जलकर की वसूली 15 और 16 को

लोहाघाट। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जलकर की अदायगी करने के लिए चांदमारी स्थित जल संस्थान के कार्यालय में जाना पड़ता था। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत के चेयरमेन गोविंद वर्मा द्वारा लगातार जल संस्थान के जलकल अभियंता से अनुरोध किया जाता रहा है। चेयरमैन का कहना है कि या तो जल संस्थान नगर में अपना कार्यालय खोले, यदि ऐसा करना संभव नहीं है, तो नगर पंचायत में अपना एक लिपिक बैठा दे, जो वहां जलकर की वसूली करता रहेगा। इस कार्य के लिए नगर पंचायत कक्ष उपलब्ध कराएगी। फिलहाल जल संस्थान द्वारा 15 एवं 16 मार्च को नगर पंचायत में शिविर लगाकर जलकर की वसूली करने का आदेश दिया है।

विजय लक्ष्य युवा सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा

बैठक करते भायुमो कार्यकर्ता

बागेश्वर। भाजयुमो कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी कार्यालय में हुई। जिसमें 17 मार्च को होने वाले विजय लक्ष्य युवा सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि सम्मेलन में जिले के आठ मंडलों के 2500 कार्यकर्ता भागीदारी करेंगे और प्रदेश नेतृत्व भी कार्यक्रम में शामिल होगा। जिलाध्यक्ष मनोज ओली ने आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। कहा कि 17 मार्च को ऐतिहासिक नुमाइशखेत मैदान में विजय लक्ष्य युवा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं और विजय लक्ष्य 2019 का विगुल फूंका जाएगा। भाजपा के जिलाध्यक्ष शेर सिंह गढ़िया ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान भारत को विश्वगुरु बनाने में अहम योगदान दिया जाएगा। कहा कि लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से भाजपा के प्रत्याशी जीतेंगे और केंद्र में सरकार बनेगी। बैठक में दयाल कांडपाल, खड़क टंगड़िया, राजकुमार मेहता, धीरेंद्र परिहार, नवीन चंद्र, अंकित नगरकोटी, कमल बनकोटी, जगदीश शाही, पंकज मेहता, निर्मल शाह, जगदीश सुरकाली, रवि पांडे, मनोज बचखेती, हरीश मेहरा, राजेंद्र दानू, अंकित ऐठानी आदि मौजूद थे।

आंखों की नियमित जांच करने की अपील

बागेश्वर। राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विक्टर मोहन जोशी स्मारक राइंका सभागार में जन जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवाड़ी ने कहा कि खूबसूरत आंखें कुदरत का अनमोल उपहार है, थोड़ी सी लापरवाही किसी के लिए मुसीबत बन सकती है। वक्ताओं ने कहा कि काला मोतिया बिंद भारत में तेजी से बढ़ रहा है। आंखों के नियमित जांच से इस गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। ग्लूकोमा के अनेक रोगी अक्सर दृष्टि के चले जाने तक इस रोग से बेखबर होते हैं। प्रधानाध्यापक बीएस कोरंगा ने कहा कि ग्लूकोमा में आंख के पर्दे की मुख्य नस धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो जाती है। इलाज में आंखों में बड़े हुए द्रव के दबाव को कम करने के लिए नेत्र विशेषज्ञ के परामर्श से दवाओं का प्रयोग किया जाता है। एनसीसी अधिकारी दीप चंद्र जोशी ने कहा कि स्वस्थ्य आंखों के लिए अंकुरित अनाज का सेवन करना चाहिए। फास्ट-फूड से बचना चाहिए। बच्चों को नुकीली चीजों से नहीं खेलना चाहिए। इस मौके पर लोकेश्वर पंत, प्रकाश चंद्र चौबे, केदार मेहता, हरीश रावत, नवीन चंद्र, कृष्णावतार पांडे, सतीश चंद्र आदि मौजूद थे।

रोडवेज कर्मचारी यूनियन के चुनाव सम्पन्न

अल्मोड़ा। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन का वार्षिक चुनाव राम अवध यादव की देख-रेख में हुआ। इसमें कंचन कुमार अध्यक्ष, संतोष मनकोटी उपाध्यक्ष अब्दुल रहान, शाखा मंत्री रमेश लोहनी, संयुक्त मंत्री गिरीश चंद्र, कमलेश प्रसाद, संगठन मंत्री गोविंद राम, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, कार्यालय सचिव सनी भारती चुने गये। इसके अलावा शंकर गालागोटी, पुष्कार आर्या, मुकेश चन्द्र, दीप चन्द्र लोहनी, गजेन्द्र लाल, प्रेम सिंह गैड़ा को सदस्य चुना गया।